नव भारत
महिला दिवस की शुभकामनाएं!

# 42 ईरानी नेवी शिप तबाह : ट्रंप

- जंग के आठवें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा
- ईरान का दावा- अमेरिकी थाड का रडार सिस्टम किया तबाह

**तेल अवीव/तेहरान, 7 मार्च. अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का शनिवार को आठवां दिन था. युद्ध में मिसाइल और बम रॉकेट से हमले लगातार तेज हो रहे हैं. यूएस-इजराइल और ईरान कई तरह के हमलों के दावे कर रहे हैं.**

जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि 2026 की शुरुआत में चले 3 दिनों के सैन्य अभियान में अमेरिका ने ईरान के 42 नौसैनिक पोतों को नष्ट कर दिया है. वहीं ईरान ने कहा कि हमने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है. एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है.



तबाही का मंजर

इराक के कुर्द क्षेत्र में ड्रोन हमला हुआ है. स्थानीय मीडिया के मुताबिक शनिवार को दो संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने इरबिल प्रांत के चोमान जिले को निशाना बनाया. इनमें से एक ड्रोन चोमान के सोशल केयर ऑफिस के पास गिरा, जिससे आसपास की इमारत को नुकसान पहुंचा और वहां धुआं उठता दिखाई दिया. हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.


## आत्मसमर्पण का सपना जाएगा कब्र में : ईरान



अमेरिका के बिना शर्त के सरेंडर वाले बयान पर पलटवार करते हुए ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा, जो लोग यह सपना देख रहे हैं कि हम बिना शर्त आत्मसमर्पण कर देंगे, वे अपने इस सपने को कब्र तक साथ ले जाएंगे. उन्होंने कहा कि मैं पड़ोसी देशों से माफी चाहता हूं. हमारा किसी भी दूसरे देश पर हमला करने या उसे कब्जा करने का कोई इरादा नहीं है. ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करने का फैसला लिया है.

## ईरान के तेहरान में फिर हवाई हमला

ईरान की राजधानी तेहरान पर शनिवार दोपहर फिर से हवाई हमले किए गए. इससे पहले शनिवार सुबह भी शहर में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई थीं. रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलों का निशाना डाउनटाउन तेहरान और वहां स्थित सरकारी इमारतें थीं. वहीं दूसरी ओर ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल और उन खाड़ी देशों पर एक और हमलों की लहर चलाई, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं.



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं!

## टी20 वर्ल्ड कप फाइनल भारत और न्यूजीलैंड में भिड़ंत आज

**मुंबई.** भारत और न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में आमने-सामने होंगे. भारत रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जबकि न्यूजीलैंड अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश में है. मैच भारतीय समय के मुताबिक शाम 7 बजे से होगा.

## ममता सरकार ने सारी हदें पार कर दीं : पीएम मोदी



- बंगाल में प्रेसिडेंट प्रोटोकॉल मामले पर पीएम ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, 07 मार्च.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ममता बनर्जी को अपनी 'छोटी बहन' बताया और हैरानी जताई कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री किसी बात को लेकर 'नाराज' हैं, क्योंकि प्रदेश में उनके दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए न तो मुख्यमंत्री आईं और न ही कोई अन्य मंत्री मौजूद था. उन्होंने कहा कि मैं भी बंगाल की बेटी हूं. मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं. खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. आप सब ठीक रहें. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस वाकये को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, यह शर्मनाक और अभूतपूर्व है. लोकतंत्र और आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति निराश है. स्वयं आदिवासी समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति जी द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा और दुख ने भारत की जनता के मन में गहरा दुख पहुंचाया है. पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं. राष्ट्रपति के इस अपमान के लिए उनका प्रशासन जिम्मेदार है.

## जो लोग भारत के नागरिक नहीं, उन्हें बाहर करेंगे : शाह

**हरिद्वार, 07 मार्च. उत्तराखंड में सरकार के चार साल पूरे होने पर हरिद्वार में कार्यक्रम आयोजित हुआ. यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ, समान नागरिक संहिता और विकास कार्यों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा.**

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग भारत के नागरिक नहीं हैं, उन्हें देश से बाहर किया जाएगा. उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि केदारनाथनाथ से कन्याकुमारी तक राहुल बाबा को जितना विरोध करना है उन्हें वो करें. राहुल को हर चीज में नकारात्मकता दिखाई देती है,



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर साधा निशाना

लेकिन सरकार घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने कुछ लोगों को भारतीय नागरिकता के प्रमाण-पत्र भी सौंपे और राज्य में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया.

## जींद में रंग-गुलाल की फैक्ट्री में आग से पांच महिलाओं की मौत

**जींद, 07 मार्च. गीता कॉलोनी में शनिवार दोपहर को रंग-गुलाल बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. इसमें पांच महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए. इनमें से एक घायल का नागरिक अस्पताल सफीदों में इलाज चल रहा है. चार को पीजीआई रोहतक, एक को हिसार और छह को मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर किया गया है.**

फैक्ट्री में रंग-गुलाल में बारूद के साथ केमिकल का प्रयोग किया जाता था. आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है. सूचना के बाद डीसी, एसपी समेत पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है. एसपी के निर्देश पर मामला दर्ज किया. गीता कालोनी के रिहायशी इलाके में डेढ़ साल से अवैध फैक्ट्री चल रही थी. इसमें 20 लोग काम करते थे. इनमें पांच पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं. फैक्ट्री में जब आग लगी तो बारूद और केमिकल के कारण भड़क गई. 17 लोग आग की चपेट में आए. इनमें चार महिलाओं की मौके पर मौत हो गई थी.




### महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुधि महिला पाठकों के लिये विशेष भेंट**

नारी शक्ति के सम्मान में सुरुचि का विशेष अंक 8 मार्च 2026 को प्रकाशित किया जा रहा है. सुधि पाठक सुरुचि का यह अंक **रविवार 8 मार्च** को अपने हॉकर से लेना न भूलें

